मानसरोवर के टेक्नोलॉजी पार्क में बनेगा इंदिरा महिला शक्ति केंद्र

प्रोजेक्ट पर खर्च होंगे करीब तीन करोड़ रुपए

महानगर संवाददाता

जयपुर। मानसरोवर योजना स्थित टेक्नोलॉजी पार्क में महिला बाल विकास विभाग एवं राजस्थान आवासन मंडल द्वारा महिलाओं की समस्याओं के समाधान एवं काउंसलिंग के लिए इंदिरा महिला शक्ति केंद्र बनाया जाएगा। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि बोर्ड की आगामी बैठक में इस प्रोजेक्ट की अनुमति ली जाएगी। आवासन मंडल और महिला बाल विकास विभाग के बीच सरकार की अनुमति के बाद एमओयू होगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब तीन करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह केंद्र अपनी तरह का अनूठा होगा, जिसमें बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर व क्रेच और महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए काउंसलिंग एवं समाधान केंद्र बनाया जाएगा। इस केंद्र पर सेल्फ डिफेंस एवं उद्यमिता व कौशल प्रशिक्षण के लिए नियमित सुविधा केंद्र बनाने के साथ यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं साथिनों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यहां महिलाओं एवं बच्चों के लिए उनकी कला एवं अभिरुचि के विकास के लिए नियमित रूप से हॉबी क्लासेज के संचालन के लिए कला केंद्र बनाया जाएगा। महिला एवं बच्चों के लिए माइनर स्पोर्ट्स जोन, महिला स्वयं सहायता समूह के हस्तशिल्प, परिधान एवं खाने-पीने के उत्पादों के प्रमोशन के लिए हेरिटेज हाट व फूड जोन बनाया जाएगा। यहां दूर दराज से आने वाली महिलाओं को ठहरने के लिए सभी सुविधाओं युक्त वातानुकूलित विश्राम स्थल बनाया जाएगा। बच्चों के शारीरिक विकास एवं मनोरंजन के लिए किडस प्ले और एंटरटेनमेंट जोन, पोषण वाटिका या न्यूट्री गार्डन, वॉक एंड लर्न पाथ-वे भी बनाया जाएगा।

फेसबुक पेज पर लाइव रहेंगे आवासन आयुक्त

आवासन आयुक्त शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर लाइव रहेंगे। दोपहर 12 बजे आयुक्त पवन अरोड़ा आमजन से सीधे संवाद करेंगे। आयुक्त https://www.facebook.com/RajasthanHousingBoardOfficial/ पर लाइव रहेंगे।